Regarding approval of work for double Railway line

श्री रोडमल नागर (राजगढ़) : सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र राजगढ़, मध्य प्रदेश में पश्चिम मध्य रेलवे में एकमात्र रेलखण्ड मक्सी-रूठीयाई-गुना-ग्वालियार रेलमार्ग को माननीय प्रधान मंत्री जी व माननीय रेल मंत्री जी द्वारा विद्युतीकरण कर ऐतिहासिक सौगत दी है। लेकिन इसी क्रम में मक्सी-रूठीयाई-गुना-ग्वालियार रेलखंड का दोहरीकरण का सर्वे, इसकी समस्त औपचारिकताएं पूर्ण होकर स्वीकृति के लिए लंबित है, जिसकी स्वीकृति होने से राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के सारंगपुर, ब्यावरा, पचोर, कुमरा, राघौगढ़, चाचौड़ा आदि क्षेत्र के लाखों व्यापारी वर्ग को, आम जनता को दिल्ली से मुम्बई तक जाने की सीधी, सस्ती व कम दूरी की सेवा का लाभ मिलेगा तथा रेलवे को माल ढुलाई के लिए फास्ट ट्रेक मिलेगा। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि मक्सी-रूठीयाई- गुना-ग्वालियार रेलखंड के दोहरीकरण की स्वीकृति प्रदान कर हमारे क्षेत्र के विकास को अनुगृहीत करें।